जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

15 जुलाई, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्र अजीम ने यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में तीन पदक जीते ।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के बीए (प्रथम सेमेस्टर) के छात्र श्री अजीम ने दिनांक 05 से 14 जुलाई, 2024 तक करणी सिंह शूटिंग रेंज, नई दिल्ली में यूपी स्टेट राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित (आईएसएसएफ) 47वीं यूपीएसएससीसी एआईआर, स्मॉल बोर 2024 शूटिंग चैंपियनशिप में तीन अलग-अलग श्रेणियों में एक स्वर्ण पदक और दो रजत पदक अपने नाम किए ।

अजीम ने चैंपियनशिप में 50 मीटर पिस्टल व्यक्तिगत शूटिंग में स्वर्ण पदक, 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत शूटिंग में रजत पदक और टीम इवेंट में रजत पदक जीते । इस उपलब्धि के साथ उन्होंने 25 मीटर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में राष्ट्रीय चैंपियनशिप को क्वालीफाई किया।

इस उपलब्धि के लिए जामिया मिल्लिया इस्लामिया के गेम्स एंड स्पोर्ट्स विभाग के निदेशक प्रो औरंगजेब खुर्रम हाफिज ने अजीम को बधाइयाँ दीं और उनके सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया